ज्ञानेन्द्र धर द्विवेदी
निदेशक (वितरण)

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपकम)
शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग
लखनऊ–226001
कार्यालयः 0522 – 2218708

पत्र सं0: 505 / सी0एम0यू0(डी0) / एस0ई0–1 / 2026 दिनांक : 02 फरवरी, 2026

**विषय : उ0प्र0पा0का0लि0 एवं वितरण कम्पनियों में स्क्रैप के चिन्हीकरण एवं निस्तारण हेतु नीति में आवश्यक संशोधन के सम्बन्ध में।**

**प्रबन्ध निदेशक,**
**पूर्वांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल एवं पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि0,**
**वाराणसी / लखनऊ / आगरा / मेरठ एवं केस्को–कानपुर।**

उपरोक्त विषयक उ0प्र0पा0का0लि0 के पत्रांक 3415 / सी0एम0यू0(डी0) / एस0ई0–1 / 2025 दिनांक 27.11.2025 द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं वितरण कम्पनियों में स्क्रैप के चिन्हीकरण एवं निस्तारण हेतु स्क्रैप नीति निर्गत की गई थी।

उक्त स्क्रैप नीति के **प्रस्तर 3.2** (ii) में निम्नवत् संशोधन किया जाता हैः–

| **वर्तमान प्रस्तर 3.2** (ii) | **संशोधित प्रस्तर 3.2** (ii) |
|---|---|
| (ii) सामग्री का विक्रय स्वीकार होने के पश्चात् नीलामी के दिन ही सफल फर्म द्वारा मूल नीलामी मूल्य का 15 % भुगतान किया जायेगा। अग्रेतर 35 % भुगतान अगले 03 दिवसों (Calendar Days) में किया जायेगा।<br>उक्त धनराशि (15%+ 35% = 50%) जमा होने के पश्चात् बिना किसी विलम्ब के सेल आर्डर निर्गत किया जायेगा। क्रेता फर्म द्वारा शेष 50% देय धनराशि का भुगतान समस्त करों / जी.एस.टी. सहित, सेल आर्डर निर्गत होने की तिथि से 04 दिवसों (Calendar Days) के अंदर एकमुश्त जमा किया जायेगा। उपरोक्तानुसार नीलामी की तिथि के सात (0+3+4) दिनों (Calendar Days) में पूर्ण भुगतान प्राप्त किया जाएगा। | 3.2 (ii) a. सामग्री का विक्रय अपरान्ह 01:00 बजे तक स्वीकार होने के पश्चात नीलामी के दिन ही सफल फर्म द्वारा मूल नीलामी मूल्य का 15 % भुगतान किया जायेगा।<br>**उदाहरणः**–*यदि किसी लॉट की नीलामी 12:45 बजे पूर्ण होती है, तो संबंधित सफल बोलीदाता को उसी दिन कुल नीलामी मूल्य का 15% जमा करना होगा।*<br>अग्रेतर 35 % भुगतान अगले 03 दिवसों (3 Calendar Days) में किया जायेगा। उपरोक्तानुसार (15%+ 35% = 50%) जमा होने के पश्चात् बिना किसी विलम्ब के सेल आर्डर निर्गत किया जायेगा।<br>क्रेता फर्म द्वारा शेष 50% देय धनराशि का भुगतान समस्त करों / जी.एस.टी. सहित, सेल आर्डर निर्गत होने की तिथि से 04 दिवसों (4 Calendar Days) के अंदर एकमुश्त जमा किया जायेगा।<br>उपरोक्तानुसार नीलामी की तिथि के सात (0+3+4) दिवसों (7 Calendar Days) में पूर्ण भुगतान प्राप्त किया जाएगा।<br>सामग्री का विक्रय अपरान्ह 01:00 बजे के उपरान्त स्वीकार होने पश्चात सफल फर्म द्वारा नीलामी के अगले दिन (*1 Calendar Day* में) नीलामी मूल्य का 15% भुगतान किया जाएगा।<br>अग्रेतर 35% भुगतान अगले 02 दिवसों (2 Calendar |

2/2/2026

| | |
|---|---|
| | Days) के भीतर किया जाएगा। उपरोक्तानुसार कुल 50% (15% + 35%) धनराशि जमा होने के पश्चात् बिना किसी विलम्ब के सेल ऑर्डर निर्गत किया जाएगा।<br>**उदाहरण**:–*यदि नीलामी दिनांक 05 फरवरी, 2026 को 13:30 बजे पूर्ण होती है, तो सफल बोलीदाता द्वारा 15% धनराशि, अगले दिन यानि कि 06 फरवरी, 2026 तक तथा 35 प्रतिशत धनराशि 08 फरवरी, 2026 तक जमा किया जायेगा।*<br><br>क्रेता फर्म द्वारा शेष 50% देय धनराशि का भुगतान, समस्त करों/जी.एस.टी. सहित, सेल ऑर्डर निर्गत होने की तिथि से 04 दिवसों (4 Calendar Days) के भीतर एकमुश्त किया जाएगा।<br>इस प्रकार नीलामी की तिथि से कुल सात (1+2+4) दिवसों (7 Calendar Days) में पूर्ण भुगतान प्राप्त किया जाएगा। |

उ0प्र0पा0का0लि0 के पत्रांक 3415/सी0एम0यू0(डी0)/एस0ई0–1/2025 दिनांक 27.11.2025 द्वारा निर्गत स्क्रैप के चिन्हीकरण एवं निस्तारण नीति की अन्य समस्त नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

भवदीय,

2/2/026

**(ज्ञानेन्द्र धर द्विवेदी)**
**निदेशक (वितरण)**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>**

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन लखनऊ। [chairman@uppcl.org]
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/वितरण/वाणिज्य/कारपोरेट प्लानिंग/आई0टी0), उ0प्र0 पा0का0लि0 ।[director_p@uppcl.org/directorfin@uppcl.org/directord@uppcl.org/ directorcomm@uppcl.org/ directorcp@uppcl.org directorit@uppcl.org/]
3. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0/वित्त/तकनीकी/वाणिज्य), पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/ पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं केस्को–कानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (सामग्री प्रबन्ध), पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं केस्को–कानपुर।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता उ0प्र0 पावर कारपोशन लिमिटेड, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण)/ अधीक्षण अभियन्ता (वितरण), पूर्वांचल/मध्यांचल/ दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, वि0वि0नि0लि0, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/ मेरठ एवं केस्को–कानपुर।
7. अधीक्षण अभियन्ता (भंडार), पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0 वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं केस्को–कानपुर।
8. अधिशाषी अभियन्ता (वेब), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।